

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर अभिनंदन किया

**माखननगर।** बीते दिनों माखननगर पहुंचे सीएम के बाद अब सौगातें मिल रही है। जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व अंतर्गत सोहागपुर के बाबई ब्लॉक में विस्थापित ग्रामों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बागरा शाखा नहर की आरडी 15360 मीटर से जल उद्वहन कर लगभग 6000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र में सिंचाई के लिए बागरा शाखा नहर उद्ववहन सिंचाई योजना को 227 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना से लगभग 50 विस्थापित ग्रामों एवं 30 राजस्व ग्रामों को स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के तारतम्य में मंगलवार को सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 300-350 कार्यकर्ताओं एवं लाभान्वित किसानों ने विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उनका साफा बांधकर अभिनंदन किया।


**जाहिर सूचना का खंडना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरे पक्षकार श्रीमती रूबी अग्रवाल पत्नि स्व.श्री राजीव अग्रवाल, ईशान अग्रवाल पुत्र स्व.श्री राजीव अग्रवाल एवं ईशा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री राजीव अग्रवाल के हक एवं स्वामित्व की भूमि जिसका भू-खंड क्र.36, ईशान टाउन, सनखेड़ा रोड़ इटारसी में स्थित हैं का दिनेश शिखरवार आ. श्री चरणसिंह निवासी मकान नं. 18 शास्त्रीपुरम् नगर एसपीएम नगर न्यू सब्जी मंडी भरतपुर राजस्थान ने एक जाहिर सूचना स्वदेश पेपर भोपाल संस्करण पेज नं. 5 में जाहिर सूचना प्रकाशित की है जिसका भूमि खसरा नं. 569/1 का अंश भाग क्षेत्रफल 25x60 = 1500 वर्गफुट स्थित ईशान टाउन, सनखेड़ा रोड़ इटारसी जिला नर्मदापुरम् जिसकी चतुसीमा पूरब में- भूखंड 37, पश्चिम में- भूखंड क्र.35, उत्तर में- सनखेड़ा रोड़, दक्षिण में- कालोनी की रोड का विक्रय का विज्ञापन अधिवक्ता संदीप महेश्वरी भोपाल ईसराणी लॉ चेम्बर 20 सिंधी कालोनी बेरसिया रोड़ भोपाल जिनका मो.न. 9993634546 के माध्यम से छपवाया हैं। जिसका मेरा पक्षकार खडन करता हैं। मेरे पक्षकार के पिता से दिनेश शिखरवार के द्वारा छल कपट करके रजिस्ट्री कराई हैं जिसे शून्य घोषित कराने हेतू मेरे पक्षकार ने एक व्यवहार वाद व्यवहार न्यायालय इटारसी में प्रस्तुत कर रखा हैं। जिसका व्यवहार वाद क्र. RCSA/103/2024 नियत दिनांक 29/01/2026 हैं। जिसमें दिनेश कुमार शिखरवार को माननीय व्यवहार न्यायालय के द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही की गई हैं जिसमें उनके अधिवक्ता के द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही को निरस्त कराने हेतू आवेदन भी दिया गया हैं एवं चोरीछिपे तरीके से दिनेश कुमार शिखरवार उक्त प्लॉट को विक्रय करना चाहते हैं। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति को कोई भी व्यक्ति क्रय-विक्रय न करें। यदि करता हैं तो उक्त विक्रय पत्र मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और जो भी खरीदेगा उसे न्यायालय के समक्ष व्यर्थ विवाद में उलझना होगा। क्योंकि उक्त वर्णित प्लॉट पर मेरे पक्षकार का कब्जा, स्वामित्व व अधिपत्य हैं। इसी कारण से मेरा पक्षकार दिनांक 21/01/2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना का जो स्वदेश पेपर छपा हैं उसका स्पष्ट रूप से खंडन करता हैं।

जयप्रकाश शुक्ला (अधिवक्ता)
वार्ड नं.3 पुरानी इटारसी मेहतो काम्लेक्स के पास एन.एच.69 इटारसी जिला नर्मदापुरम् म.प्र.
मो.न.9425642885


### नारी शक्ति: कहीं दिल्ली की परेड में 'सलाम', तो कहीं सिस्टम से परेशान होकर टंकी पर 'संग्राम', कलेजे को चीरती नर्मदापुरम की तीन तस्वीरें

# कहीं मेहनत से लहराया परचम,तो कहीं हाथठेले पर दिखी लाचारी में छिपी 'इंसानियत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम


कहने को हम 21वीं सदी के उस भारत में जी रहे हैं जहां महिलाओं के सशक्तिकरण और डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन मंगलवार को नर्मदापुरम में जो तीन तस्वीरें सामने आईं, वे समाज के विरोधाभासों को नग्न करने के लिए काफी हैं। एक बेटी जहां दिल्ली के राजपथ पर देश का मान बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर एक मां व्यवस्था और प्रताड़ना से तंग होकर मौत को गले लगाने टंकी पर चढ़ जाती है। तीसरी तस्वीर उस बुजुर्ग की है, जिसके लिए 'डिजिटल इंडिया' का आधार कार्ड, हाथठेले की लाचारी से होकर गुजरा।

### फख्र की तस्वीर: पूनम ने राजपथ पर गाड़े सफलता के झंडे



पहली तस्वीर गर्व से सीना चौड़ा करने वाली है। गृह विज्ञान कॉलेज की सीनियर अंडर ऑफिसर कुमारी पूनम धुर्वे ने दिल्ली में आयोजित आरडीसी परेड 2026 में सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया है। एक छोटे से गांव से निकलकर कड़े संघर्ष और एनसीसी के कड़े अनुशासन के दम पर पूनम ने यह मुकाम हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन और सैन्य अधिकारियों ने इसे नारी शक्ति की वास्तविक विजय बताया है। यह तस्वीर बताती है कि अगर अवसर मिले तो बेटियाँ आसमान छू सकती हैं।

### विडंबना की तस्वीर: जब हक के लिए टंकी पर चढ़ी ममता



दूसरी तस्वीर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से आई, जो व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है। यहां पारिवारिक प्रताड़ना से टूटी एक महिला अपने मासूम बच्चे को कलेजे से चिपकाकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। दो घंटे तक पुलिस और प्रशासन के हाथ-पांव फूले रहे। अंततः महिला तहसीलदार सरिता मालवीय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए खुद टंकी पर चढ़कर महिला को नीचे उतारा। यह घटना चीख-चीख कर कह रही है कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के नारों के बीच आज भी घरेलू हिंसा और सामाजिक असुरक्षा की बेड़ियां उतनी ही मजबूत हैं।

### 'सिस्टम' को आईना दिखाती तस्वीर: हाथठेले पर 'डिजिटल' आधार



तीसरी तस्वीर ग्वालटोली के संजय नगर से आई, जो 'इंसानियत' की मिसाल तो है पर प्रशासन के लिए डूब मरने वाली बात है। 70 वर्षीय बुजुर्ग जानकी बाई का राशन सिर्फ इसलिए रुक गया क्योंकि उनका आधार अपडेट नहीं था। ऑटो का किराया देने को पैसे नहीं थे, तो पड़ोस में रहने वाले हम्माल जितेन्द्र चांदानी ने इंसानियत दिखाई और अपनी रोजी-रोटी का जरिया 'हाथठेला' ही बुजुर्ग की पालकी बना दिया। जितेन्द्र बुजुर्ग को ठेले पर लादकर कलेक्ट्रेट ले गया। जहां केंद्र संचालक ने उन्हें गोद में उठाकर कुर्सी पर बिठाया। यह तस्वीर पूछती है कि क्या बुजुर्गों और लाचारों के लिए घर पहुंच सेवा सिर्फ कागजों तक सीमित है?

### तंज: तरक्की के दावों के बीच फंसी 'आधी आबादी'

नर्मदापुरम की ये तीन कड़ियां एक ही सच बयां करती हैं— तरक्की के ऊँचे मीनारों के नीचे आज भी अंधेरा घना है। हम चांद पर पहुंचने की बातें कर रहे हैं, लेकिन एक बुजुर्ग को राशन के लिए 'हाथठेले' का सहारा लेना पड़ता है और एक महिला को अपनी बात सुनाने के लिए मौत की ऊंचाई टंकी को चुनना पड़ता है। पूनम जैसी बेटियां उम्मीद तो जगाती हैं, लेकिन जानकी बाई और टंकी पर चढ़ी उस महिला की बेबसी बताती है कि अभी 'सशक्तिकरण' की मंज़िल बहुत दूर है।

### नए सत्र से सांदीपनि स्कूल, एक फरवरी से बस स्टैंड होगा चालू

**इटारसी।** नए साल की शुरूआत के साथ शहर एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यो को तेज गति से पूरा करने एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए पूर्व विस अध्यक्ष एवं विधायक डा. सीतासरन शर्मा ने सभी विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। नपा सभागार में मंगलवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं, साथ ही आगामी कार्ययोजना पर काम करने की प्लानिंग बनाई गई है। बैठक में विधायक डा. सीतासरन शर्मा, एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा, तहसीलदार रितु साहनी, सीएमओ रितु मेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, विधायक प्रतिनिधि जगदीश मालवीय मौजूद रहे। बैठक में बताया कि मार्च-अप्रैल तक इटारसी तवा कालोनी और पवारखेड़ा में तैयार हो रहे दोनों सांदीपनी स्कूल सीएम राइज बनकर तैयार हो जाएंगे, पहले इटारसी का भवन हैंडओवर होगा, मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के हाथों इसका लोकार्पण कराने की तैयारी है। विधायक डॉ शर्मा ने बताया कि पुरानी इटारसी में तैयार नवीन बस स्टैंड 1 फरवरी से चालू कराया जाएगा, कमिश्नर ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

### मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड पर हुआ, राज्यमंत्री ने ली सलामी

# जिलेभर में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

जिले में गणतंत्र दिवस पर आन, बान और शान के साथ तिरंगा फहराया गया। इसके साथ ही परेड सलामी और सांस्कृतिक कार्यक्र हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर के विभिन्न संस्थाओं में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच परेड का शानदार प्रदर्शन हुआ। साथ ही अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने झंडा वंदन कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया।

### समेरिटंस में मना गणतंत्र दिवस

समेरिटंस ग्रुप के विद्यालयों में गणतंत्र दिवस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समूह के विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।

### हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

**सोहागपुर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस सोमवार को हर्षोल्लास के साथ सोहागपुर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया। इस दौरान सुबह ब्लॉक स्तरीय सामूहिक आयोजन पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति कॉलेज के खेल मैदान पर किया गया। सुबह आठ तक सभी निजी एवं शासकीय संस्थाओं के कार्यालयों में अतिथियों व संस्था प्रमुखों ने ध्वजारोहण किये। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यालय में अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद कॉलेज में किये गए सामूहिक आयोजन में सुबह नौ बजे जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, कॉलेज संचालन समिति सचिव हमीर सिंह चंदेल आदि की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ा। आयोजन में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सीएम राइस स्कूल प्राचार्य रामकिशोर दुबे ने कुशल तथा अभूतपूर्व मंच संचालन किया, जिसके लिए उनका विशेष सम्मान भी किया गया।

### सेमरीहरचंद में मनाया गणतंत्र दिवस



**सेमरी हरचंद।** नगर की समस्त संस्थाओ में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। समस्त शासकीय संस्थाओं के प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने-अपने संस्थानों में फहराया कृषि उपज मंडी में एमडीएम प्रियंका भल्लावी ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शीला चौधरी ने ध्वज फहराया वहीं शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संतोष ठाकुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गणतंत्र दिवस का आयोजन हुआ।

### आंचलखेड़ा में फहराया तिरंगा

गणतंत्र दिवस के मौके पर आंचलखेड़ा के सनराइज हाई स्कूल में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहन संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई वहीं पालक संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान प्राचार्य एसएस राजपूत,आरती मालवीय,मनीषा निमोदा, अनुराधा राजपूत, गौरव कहार, खुशबू खापरे सहित शाला परिवार उपस्थित रहा।

### शान से लहराया तिरंगा



**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ. नीता चौबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अटल खंडेलवाल, अमित गोलछा, लायंस क्लब से दीपक वर्मा एवं संजय वर्मा के साथ समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के उपरांत एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट आई एस कनेश द्वारा परेड करवाई गई। विदित हो कि गणतंत्र दिवस की तैयारी हेतु एनएसएस के छात्र छात्राओं द्वारा रासेयो अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान, डॉ.कविता दुबे के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर को सुंदर एवं आकर्षक बनाया गया था।

### इटारसी में सांसद ने फहराया तिरंगा

मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और सीएमओ ऋतु मेहरा ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आसमान में शांति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए।





































**खबर संक्षेप**

## 1 फरवरी को संघ शताब्दी वर्ष



**शाहपुर।** नगर के बाबा मनसुखदास मंदिर के प्रांगण में 1 फरवरी रविवार को संघ शताब्दी वर्ष और विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होगे। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रातः काल में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान जय श्रीराम के नारे लगाई जा रहे हैं। सभी क्षेत्रों में यह रैली निकाली जा रही है। 1 फरवरी की सुबह पतौवापुरा से कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

## कलेक्टर सूर्यवंशी ने बच्चों के साथ किया भोजन



**बैतूल।** जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी शासकीय सुभाष स्कूल में आयोजित विशेष भोज कार्यक्रम में शामिल हुए और स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान कलेक्टर सूर्यवंशी ने स्कूल के बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, एसडीएम डॉ.अभिजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण ने भी बच्चों के साथ भोजन किया।

## मप्र शिक्षक संघ का अभिनंदन समारोह आज

**बैतूल।** मप्र शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन में संगठन और शिक्षा के प्रति समर्पित सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि कार्यक्रम शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर, विधायक दक्षिण पश्चिम विधानसभा भोपाल, प्रांत संगठन मंत्री मप्र शिक्षक संघ हिम्मत सिंह जैन के आतिथ्य में और डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर की अध्यक्षता में आज बुधवार दोपहर 1 बजे सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी ब्लाकों से सैंकड़ों शिक्षक शिरकत करेंगे। संघ के सचिव सचिव मदन यादव, ब्लाक अध्यक्ष प्रभातपट्टन सुनील घोरमाडे, ब्लाक अध्यक्ष मुलताई सुनील, ब्लाक अध्यक्ष भीमपुर सुनील पंडाग्रे, ब्लाक अध्यक्ष आठनेर सुनील महाले, ब्लाक अध्यक्ष आमला शिवशंकर सोनी ने जिले के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और शिक्षकों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## संबल योजना के तहत तीन लोगों को अंत्येष्टि सहायता दी



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत तीन परिवारों को अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत राशि दी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि वार्ड 11 की शशिकला, वार्ड 1 की रामकली अखंडे, वार्ड 31 शोभापुर की गीता बिसोने को 5-5 हजार रूपए की अन्त्येष्टि हेतु आर्थिक सहायता राशि नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, योजना शाखा के सभापति भीमबहादुर थापा, गणेश महस्की, छाया अतुलकर, आकाश पंदराम, हरिता शांतिपाल एवं योजना शाखा से रामराज यादव उपस्थित थे।

### पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर ने फहराया तिरंगा, परेड की ली सलामी

# हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

### मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, उत्कृष्ट कार्य के लिए विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों का किया सम्मान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास, उमंग और राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगे को सलामी देने के पश्चात उन्होंने परेड की सलामी ली तथा आनंद और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में मुक्त किया। इसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। संदेश वाचन के बाद हर्ष फायर किया गया, जिसके उपरांत परेड दलों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। मुख्य समारोह में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पंवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, अन्य अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राचार्य श्रीमती कृष्णा हजारे, श्याम ब्रह्मणे द्वारा किया गया।

## स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने वीर शहीदों के परिजन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक पीटी प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड, झाकियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारी- कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां

देश भक्ति की भावना को प्रबल करते हुए विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा द्वारा हमारा झारखंड ये सगी मोर मम भारत गीत पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनजातीय कार्य विभाग छात्रावास बैतूल ने रंग बिरंगे देश हमारा हरी भरी धरती नृत्य की प्रस्तुति ने द्वितीय स्थान और विनायकम स्कूल की देश प्रेम भक्ति और मराठी लोक लोक संस्कृति नृत्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## झांकी के माध्यम से दी विभागीय योजनाओं की जानकारी

समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 कृषि विभाग द्वारा उन्नत कृषि तकनीक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सशक्त महिला सशक्त राष्ट्र लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, जनजाति कार्य विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान आयुष विभाग द्वारा पंचकर्म इत्यादि रोग निदान विधियां, शिक्षा विभाग द्वारा साक्षरता अभियान, वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों का संरक्षण व ग्रामीणों को रोजगार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन वितरण, नगर पालिका बैतूल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विभागों ने विभिन्न योजनाओं की थीम पर आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया। झांकियों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड विभाग की झांकी प्रथम स्थान पर, वन विभाग की झांकी ने द्वितीय स्थान पर तथा शिक्षा विभाग की झांकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ग्रुप परेड दल में यह रहे विजेता

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रुप परेड दल ए, बी, सी, डी चार श्रेणियों में परेड की प्रस्तुति दी गई। परेड दल ग्रुपए में 13 वी वाहिनी सी कंपनी शस्त्र बल ग्वालियर केम्प बैतूल ने प्रथम स्थान, वन विभाग ने द्वितीय स्थान तथा जिला होमगार्ड बैतूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड दल गुरप बी में जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल छात्रा एनसीसी सीनियर विंग ने प्रथम स्थान, राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त एनएसएस छात्र जेएच कॉलेज बैतूल ने द्वितीय स्थान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एनएसएस छात्रा जेएच कॉलेज बैतूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार परेड दल गुरप सी में भारत भारती आवासीय विद्यालय छात्र ने प्रथम स्थान, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल छात्र एनसीसी जूनियर डिवीजन ने द्वितीय स्थान तथा आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा छात्रा एनसीसी जूनियर विंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परेड दल गुरप डी में लिटिल फ्लावर स्कूल ने प्रथम स्थान, आरडी पब्लिक स्कूल कालापाठा छात्रा गाइड ने द्वितीय स्थान तथा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल गंज रेड क्रॉस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मुख्य परेड कमांडर दिनेश मर्सकोले रक्षित केन्द्र, सहायक परेड कमांडर गजेन्द्र केन थाना प्रभारी यातायात तथा पुलिस बैंड बैतूल, घोष दल भारत भारती जामठी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र पवार हुए सम्मानित



**बैतूल।** जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग के बैतूल जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र पवार को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिले के सभी व्यायाम निर्देशक खेल शिक्षक अतिथि शिक्षक खेल, शासकीय अशासकीय विद्यालय के सभी प्राचार्य ने खुशियां व्यक्त की। श्री पवार ने खेलो एमपी, खेलो इंडिया, सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर अदम्य सहयोग किया। जिसके कारण उपरोक्त सभी स्पर्धाएं बेहतर से बेहतर संचालित समय सीमा में सम्पन्न हुई और जिला प्रशासन की उपलब्धि हासिल हुई। श्री पंवार के सम्मानित होने पर स्कूल शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी, कर्मचारी सहित शुभचिंतकों एवं मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

## पवित्र नगरी मुलताई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। नगर के सभी शासकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया तथा देश के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। नगर के गांधी चौक पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन किया गया तथा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।नगर का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, जनपद अध्यक्ष एवं एसडीएम राजीव कहार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई, राष्ट्रीय गान का गायन हुआ तथा परेड का निरीक्षण कर परेड को सलामी दी गई। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शील्ड एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के लिए एनसीसी हाई सेकेंडरी स्कूल (गर्ल्स), द्वितीय 5 बटालियन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसकी ओर से सोनम गावंडे ने पुरस्कार शील्ड ग्रहण की। द्वितीय पुरस्कार उत्कर्ष विद्यालय, मुलताई को मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार पुनः एनसीसी स्कूल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर सार्जेंट कोमल भादे ने तृतीय पुरस्कार की शील्ड प्राप्त की।

## आकर्षण का केंद्र बनी झांकियां

मुख्य कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा जनपद पंचायत मुलताई द्वारा प्रस्तुत झांकियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

## प्रमुख निजी शालाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बनाई दूरी

उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में व्यवस्थाओं को लेकर उठते रहे सवालों के चलते इस वर्ष नगर की अनेक प्रमुख निजी शालाओं ने मुख्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दूरी बनाए रखी। इस वर्ष मंच पर मात्र चार-पांच सांस्कृतिक कार्यक्रम ही प्रस्तुत किए गए। हालांकि वीआईपी स्कूल द्वारा प्रस्तुत अनेकता में एकता विषयक कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं सीएम राइज स्कूल की ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नृत्य-नाटिका तथा शासकीय कन्या शाला की छात्राओं की प्रस्तुति ने भी सभी का मन मोह लिया।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस पर्व



**शाहपुर।** पतौवापुरा के मिडिल स्कूल में धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षक ने प्रभातफेरी निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। शाहपुर अनुविभागीय अधिकारी भी बच्चों के मध्य पहुंचे। उन्होंने मीडिल स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भोजन भी किया। उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडलों को भी देखा। बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए उन्हें विज्ञान प्रदर्शनी में जिला स्तर से संभाग स्तर पर जाने के लिए शुभकामनाएं और बधाई साथ में प्रमाण पत्र भी वितरित किए। बच्चों को भी अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर के शाला प्रांगण में पहुंचने से अत्यंत खुशी हुई।

## श्री राम फार्मेसी कॉलेज में मनाया गणतंत्र दिवस

**बैतूल।** श्रीराम फार्मेसी कॉलेज परिसर में 26 जनवरी को 77 वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल एवं कॉलेज के संचालक धुरवप्रकाश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्र गाण गाया गया। कॉलेज प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग ही देश का भविष्य हैं, और उसे अनुशासन, ईमानदारी तथा सेवा भाव के साथ आगे बढना चाहिए। उन्होने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा सभी ने एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। पूरा वातावरण देशभक्ति नारों एवं उत्साह से गूंज उठा।

## अंबेडकर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**बैतूल।** श्रीराम शिक्षा परिषद द्वारा संचालित भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की संस्थापिका एवं संरक्षक माता जी श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर संचालक इंजी धुरवप्रकाश अग्रवाल, समस्त स्टाफ एव बी.एड. स्कालर्स मौजूद रहे। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमो के अन्तर्गत बी.एड स्कालर्स तेजस्वनी साहू, शारदा इवने, प्रिंयका बिहारे, वर्षा रावत, निकिता चौधरी ने देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। रूचि यादव, दिव्या इरपाचे, तरूणा बिहारे, श्रद्वा सोलंकी ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। लीना झरबडे एवं टिवंकल मनासे के डांस ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इन्हे प्रशंसा प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की गई।

## *देशभक्ति से ओत-प्रोत संध्या लोकतंत्र का लोक उत्सवः भारत पर्व का भव्य आयोजन*

***बैतूल।*** *देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत संध्या लोकतंत्र का लोक उत्सव -भारत पर्व का आयोजन जे.एच. कॉलेज ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।*

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड 16 में लगा शिविर

### 12 जनवरी से 15 फरवरी तक चलाया जा रहा है अभियान




**सारनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभआम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर इस हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 फरवरी तक लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड 16 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद योगेश बर्डे, प्रभारी जीएस पांडे, राजेश बगाहे, योगेश धोटे, लक्ष्मण पंडाग्रे, रंजीत डोंगरे समेत अन्य लोग उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है।

## एमएसएमई और छोटे कार्यों से ठेकेदारों को बेदखल करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सारनी।** केंद्र सरकार का उपक्रम एमएसएमई और छोटे कार्यों से ठेकेदारों से ठेकेदारों को बेदखल करने के विरोध में सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसीएशन ने मंगलवार मुख्य अभियंता एसके लिल्होरे को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बड़ी और बाहरी कंपनियों को लाख पहुँचाने के उद्देश्य से प्रबंध संचालक मंजीत सिंह द्वारा छोटे और मझोले ठेकेदारों को टेंडर प्रक्रिया से बहार करने के लिए एमएसएमई को बंद करने पर उतारु हैं। केंद्र और राज सरकार छोटे और मझोले उद्योमीयों को रोजगार से जोडने के लिए एमएसएमएई की योजना चलाई जा रही है। सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसीएशन, जो सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं। साथ ही केंद्र सरकार का उपक्रम एमएसएमई से सभी छोटे बडे ठेकेदार लाभान्वित हो रहे हैं। कंपनी प्रबंधन जबलपुर द्वारा प्रक्रिया को बंद करने और छोटे कार्यों को मर्ज कर मेगा टेंडर निकालने की रुपरेखा तैयार की जा रही हैं, इससे अधिकांश ठेकेदार साथी टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ही बाहर हो जाएंगे। जबकि केंद्र और राज्य सरकार छोटे मझोले ठेकेदारों को रोजगार उपलब्ध कराने एमएसएमई को बढावा दें रही है। सतपुड़ा कांट्रेक्टर एसोसिएशन पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक ( एमडी) मंजीत सिंह से मांग की है कि केंद्र और राज्य सरकार का उपक्रम को पूर्व की तरह यथावत रखने के साथ छोटे कार्यों को बडे कार्यों में मर्ज न किया।




## करोड़ों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पार्किंग की सुविधा नहीं

**शाहपुर।** नगर में लगभग 5 करोड़ की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पार्किंग तक की सुविधा नहीं है। जिसके कारण यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन अपने वाहन को इधर-उधर खड़ा करके अपने कार्य को पूर्ण करते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने बने जालीनुमा जगह पर बगैर किसी काम के छोटे-छोटे पेड़ जो कचरे का ढेर हो गए हैं। ना तो वहां कभी कोई सफाई की जाती है, ना उन पेड़ों की देखरेख की जाती है, ना ही पानी डाला जाता है। वहां पर गंदगी का अंबार मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि इन पेड़ों की जगह पर बाइक पार्किंग की व्यवस्था तो आसानी से की जा सकती है। परंतु शासन के अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में ड्रेसर के पद की कई वर्षों से नियुक्ति नहीं की गई है। यहां पर ड्रेसर की आवश्यकता अत्यंत जरूरी है। फिर भी शासन प्रशासन का इस पद की नियुक्ति की ओर भी कोई ध्यान नहीं है। यहां तक कि यहां पर जो 108 एंबुलेंस सुविधा है। उन एंबुलेंस के ड्राइवर को यहां पर मरीज को लाने और ले जाने दोनों के समय अत्यधिक परेशानियों का सामना, पार्किंग ना होने के कारण करना पड़ता है।


कार्यालय नगर परिषद खिरकिया जिला हरदा (म.प्र.)
क्रमांक गणतंत्र दिवस /न.प./2026
खिरकिया, दिनांक / / 2026
अमर शहीद दीप सिंह चौहान
हरदा जिले की शान गौरवान्वित है
अमर शहीद ईलाप सिंह पटेल
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील : 1. देश के वीर शहीदों को शत् शत् नमन।
2. एक वृक्ष अवश्य लगावें।
3. नगर परिषद के करों का समय पर भुगतान अवश्य करें।
4. नगर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने में सहयोग करें।
समस्त पार्षदगण : श्रीमति फूलबाई छतरसिंह उईके, श्रीमति वंदना मलखान सिंह, श्रीमति किरण नरेन्द्र आठनरे, श्रीमति नेहा रविन्द्र दुआ, श्रीमति संगीदा अभिषेक, श्रीमति सोनम पीयुष सोनी, श्रीमति लक्ष्मी संजय यादव, श्रीमति पुष्पा अनिल जैन, श्री नितिन गुप्ता, श्री सुरेन्द्र आठनरे, श्रीमति रमा सत्यनारायण गौर, श्री रजेश मालाकार, श्री अनिल मालाकार, विधायक प्रतिनिधि श्री संजय सिंह चौहान।, नगर में चहुँमुखी विकास हेतु संकल्पित, नगर परिषद खिरकिया।


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आरिफ मसूद
विधायक भोपाल
ओम पटेल
जिलाध्यक्ष कांग्रेस
हेमंत टाले
पूर्व नपाध्यक्ष
अहद खान
ट्रक ऑनर एसोसिएशन हरदा
सौजन्यः बुशरा रोड लाइंस हरदा



समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: एक शुभचिंतक
ADMN


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश सिटोके (नोडल अधिकारी)
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम
मुख्य शाखा - हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: एक शुभचिंतक
A.I.V.T.



समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण जायसवाल
वरिष्ठ नेता
राहुल जायसवाल
जिलाध्यक्ष, युकां
पुनित जायसवाल
पार्षद, नपा टिमरनी
राहुल ट्रेवल्स, टिमरीन , सिद्धिविनायक फ्यूल्स स्टेशन, टिमरनी
एकता गैस एजेंसी, टिमरनी, जायसवाल कृषि फार्म, बेड़ाखेड़ी


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय हरदा
जिला हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग हरदा
जिला हरदा



समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: जिला पंजीयक पंजीयन विभाग, हरदा
जिला हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: नापतौल विभाग हरदा
जिला हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: म.प्र. वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टीक कॉर्पोरेशन, हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: प्रभा भारत गैस एजेंसी
हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: आदर्श कृषि उपज मंडी समिति
हरदा


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.: वन परिक्षेत्र हंडिया
जिला हरदा

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविशंकर तोमर सरपंच
कमलेश धुर्वे उप-सरपंच
रामशंकर चौहान सचिव
सुभाष इवने सहसचिव
ग्राम पंचायत छिरपुरी

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आबकारी विभाग हरदा

वन सुरक्षा समिति जिला हरदा
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन मंडलाधिकारी वनविभाग हरदा

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला परिवहन अधिकारी हरदा

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरदा
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लोक निर्माण विभाग जिला हरदा
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उप-संचालक कृषि विभाग जिला हरदा

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक NFM

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रमकु जय सिंह सरपंच
दीपक धोसिया सहायक सचिव
कैलाश बिलारे सचिव
ग्राम पंचायत आमसागर

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद सिंह सागर सरपंच
रतना दिलीप चौधरी उप-सरपंच
दीपक यादव सचिव
रामभरोस डोंगरे रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत खामगाँव

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नीता शाहा
वन परिक्षेत्र बोरपानी

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म पुरी गोस्वामी
वन परिक्षेत्र टेमागाँव

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित्रा सूरज रंगीले सरपंच
रामशंकर चौहान सचिव
भूरमल सोलंकी सहायक सचिव
शिवानी मनीषगौर उपसरपंच
समस्त पंचायत ग्राम रहटगांव

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देव शंकर धुर्वे
तहसीलदार
समस्त तहसीलदार स्टॉफ

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति आशा किशोर किरार सरपंच
दुर्गाप्रसाद चौहान उप - सरपंच
यशवंत सोलंकी सचिव
धीरज चौहान सहायक सचिव
ग्राम पंचायत नजरपुरा

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमलाल धुर्वे रेंजर
वन परिक्षेत्र रहटगाँव

वन परिक्षेत्र मगरधा
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य : समिति अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त समिति सदस्य वन सुरक्षा समिति रातामाटी वन परिक्षेत्र

विद्युत वितरण केन्द्र रहटगांव
जेई उपेंद्र मीणा एवं समस्त स्टॉफ की ओर से
समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज दुबे
थाना प्रभारी
थाना प्रभारी एवं समस्त स्टॉफ

समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज मिंज
प्रभारी प्राचार्य
समस्त स्टॉफ रहटगाँव
शासकीय बालक हाई स्कूल रहटगाँव